कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 08.08.2022

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज में
एक भारत श्रेष्ठ भारत भ्रमण में छात्रायें शामिल

शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब की दो छात्राओं ने आनंद गुजरात की मेजबानी में आयोजित छात्र–विनिमय कार्यक्रम में भाग लिया।

महाविद्यालय की छात्रा प्रेरणा शर्मा (एम.ए. तृतीय सेम. भूगोल) एवं नीलम परिहार (एम.ए. तृतीय सेम. राजनीति शास्त्र) ने बी0आई0टी0 दुर्ग की अगुवाई में छत्तीसगढ़ के 50 छात्र–छात्राओं के दल के साथ राज्य का प्रतिनिधित्व किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने उन्हें बधाई देते हुये बताया कि इस स्टूडेंट एक्सचेंज कार्यक्रम के माध्यम से देश का युवा वर्ग पड़ोसी राज्य की संस्कृति, खानपान, भौगोलिक एवं अन्य विशेषताओं को समझ पायेगा। छात्राओं ने इस भ्रमण के दौरान स्टेच्यू ऑफ यूनिटी, सरदार सरोवर बांध, अमूल डेयरी प्लांट, साईंस सिटी अहमदाबाद साबरमती आश्रम, पटेल स्मारक आदि का भ्रमण किया।

भ्रमण दल ने गुजरात की विभिन्न संस्कृति से संबंधित सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देखी साथ ही अपने राज्य छत्तीसगढ़ के विभिन्न नृत्य गीतों एवं संस्कृति संबंधित सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ की। महाविद्यालय की नीलम ने भरत्नाट्यम की पुष्पांजलि एवं प्रेरणा ने छत्तीसगढ़ी एकल नृत्य प्रस्तुत किया। साथ ही इंस्टीट्यूट के निदेशक को नीलम परिहार द्वारा बनाई गई ''छत्तीसगढ़ महतारी'' की पेंटिंग भेंट की गई। नोडल अधिकारी डॉ. ऋचा ठाकुर ने बताया कि महाविद्यालय द्वारा एक भारत श्रेष्ठ भारत की गतिविधियाँ लगतार संचालित होती रहती है। भविष्य में भी महाविद्यालय की अन्य छात्राओं को भी ऐसे छात्र–विनिमय कार्यक्रमों में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

प्रेरणा शर्मा ने कहा कि इस भ्रमण के पश्चात् उनके आत्म विश्वास में बढ़ोत्तरी हुई है, वहीं नीलम परिहार ने प्राचार्य एवं महाविद्यालय का आभार किया कि उनके प्रयत्नों से जाना संभव हो पाया। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल, डॉ. सुचित्रा खोब्रागड़े, डॉ. के.एल. राठी, डॉ. सुषमा यादव, डॉ. यशेश्वरी ध्रुव सहित महाविद्यालय परिवार ने शुभकामनायें दी।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

//प्रेस विज्ञप्ति//

गर्ल्स कॉलेज में
एक भारत श्रेष्ठ भारत भ्रमण में छात्रायें शामिल